# University in News on 14 August 2024

## HINDUUSTAN PAGE 8

# एलयू में एमए, एमएससी के 13 कोर्स में सीट अलॉटमेंट

**प्रवेश प्रक्रिया**

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के शैक्षिक सत्र 2024-25 परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत 13 पाठ्यक्रमों का पहला सीट अलॉटमेंट जारी किया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट के पीजी एडमिशन पेज पर जाकर अपना सीट अलॉटमेंट देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें पूर्व में दिए गए लॉगिन आईडी व पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा। इस संबंध में अधिष्ठाता प्रवेश की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अधिष्ठाता प्रवेश प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एमए और एमएससी के 13 पाठ्यक्रमों का पहला सीट अलॉटमेंट मंगलवार को घोषित किया गया। एमए अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, एमआईएच, भूगोल, समाजशास्त्र, हिन्दी, मनोविज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार और समाज कार्य जैसे विषय शामिल हैं।

**बीएससी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 16 से :** एलयू में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीएससी मैथ्स और बायो के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के अभिलेखों और प्रमाण पत्रों की जांच 16 और 17 अगस्त को सुबह 10 बजे से होगी।

# राज्यपाल मुख्य द्वारों का उद्घाटन करेंगी

लखनऊ। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एलयू के मंथन कक्ष में सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें यह फैसला लिया गया कि द्वितीय परिसर में नवनिर्मित द्वार संख्या एक और दो का लोकार्पण राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल करेंगी। कुलपति ने बताया कि दो सितम्बर को लोकार्पण होगा।

तैयारियां जांचने के लिए प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव विद्यानन्द त्रिपाठी, डीएसडब्ल्यू प्रो. वीके शर्मा, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन प्रवेश प्रो. पंकज माथुर की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की गई।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### रैगिंग जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता

लखनऊ। लविवि में एंटी रैगिंग सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को मनोविज्ञान विभाग में निबंध और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई। दीप्ती, शुभांगी, सचिन, वैष्णवी, सबाहत व रजनी विजेता रहे। वहीं भाषा विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग वीक के तहत गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रो. पीयूष द्विवेदी ने कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। (संवाद)


### नविवि : राज्यपाल करेंगी द्वारों का उद्घाटन

नखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में बने दो नए भव्य द्वारों का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो सितंबर को करेंगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। साथ ही 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत की तैयारियों के लिए समितियां गठित करने के निर्देश दिए। (संवाद)

## AMRIT VICHAR PAGE 5

# लखनऊ विवि द्वितीय परिसर के नवनिर्मित द्वार का लोकार्पण 2 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर में नवनिर्मित द्वार संख्या 1 और 2 का लोकार्पण आगामी 2 सितंबर को राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की। कुलपति बताया कि 16 सितंबर को दीक्षांत समारोह प्रस्तावित है। इस क्रम में उन्होंने दीक्षांत समारोह से संबंधित विभिन्न कमेटियों के बारे में चर्चा की और उन्हें गठित करने के लिए कुलसचिव को निर्देशित किया। बैठक में प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव विद्या नन्द त्रिपाठी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. वीके शर्मा, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन प्रवेश प्रो. पंकज माथुर, डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डीन शोध प्रो. एमएम वर्मा, निदेशक सांस्कृतिकी प्रो. आंचल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## LOKSATYA PAGE 2

### 'एंटी रैगिंग' पर निबंध लेखन प्रतियोगिता व नारा लेखन

लखनऊ,लोकसत्य। मनोविज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ 12 अगस्त से 18 अगस्त तक मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला और सह-संयोजक डॉ. मेघा सिंह की देखरेख में एंटी रैगिंग सप्ताह मना रहा है। सप्ताह के दूसरे दिन 'एंटी रैगिंग' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पीएचडी के लगभग 40-45 छात्रों ने भाग लिया था। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं को लेकर बहुत उत्साह दिखाया क्योंकि इन प्रतियोगिताओं ने उन्हें रैगिंग के बारे में जानकारी प्रदान की और उन्हें रैगिंग के इस गंभीर मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया।